# PRINCE SCHOOL

विद्याऽमृतमश्नुते

Rajasthan Board, English & Hindi Medium, Class VI to XII (Science, Commerce, Arts & Agriculture

Piprali Circle, Sikar-332001 (Raj.), Helpline : 9610642222, 961067-2222

Website- www.princeeduhub.com, E-mail : princepipraliroad@gmail.com


**Class - X**

**Maximum Time - 03 : 15 Hrs.** **Subject - Hindi** **Maximum Marks : 80**

## Model Paper - 01 : 2024-25

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–**

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।

## खण्ड–अ

1. **निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर –पुस्तिका में लिखिए –** **1 x 15 = 15**

(i) 'रसोईघर' का समास – विग्रह होगा –

(अ) रसोई का घर (ब) रसोई के लिए घर (स) रसोई और घर (द) रसोई में भवन

(ii) हर्ष, शोक, घृणा, आश्चर्य आदि भावों को अभिव्यक्त करने वाला अव्यय होता है –

(अ) क्रियाविशेषण अव्यय (ब) सम्बन्धबोधक अव्यय (स) समुच्चयबोधक अव्यय (द) विस्मयादिबोधक अव्यय

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से व्यंजन संधि का उदाहरण है –

(अ) जगदीश (ब) परीक्षा (स) पुरस्कार (द) व्याकरण

(iv) पर्वत, नदी, सागर, गाय आदि शब्द में कौनसी संज्ञा है ?

(अ) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ब) जातिवाचक संज्ञा (स) भाववाचक संज्ञा (द) समूहवाचक संज्ञा

(v) गोपियों ने कृष्ण को सच्चे प्रेमी के स्थान पर उपमा दी है –

(अ) कुटिल राजनीतिज्ञ की (ब) निर्गुण ब्रह्म का उपासक की (स) इतिहासकार की (द) संन्यासी की

(vi) 'आत्मकथ्य' कविता का प्रकाशन कब व कौनसी पत्रिका में हुआ था ?

(अ) 'बंगाल गजट' 1840 में (ब) 'हंस' 1932 में (स) 'सरस्वती' 1908 में (द) 'वसुधा' 1942 में

(vii) छायावादी कवियों में सर्वप्रथम मुक्त छंद का प्रयोग करने वाले कवि थे –

(अ) जयशंकर प्रसाद (ब) सुमित्रानंदन पंत (स) सूर्यकांत त्रिपाठी (द) महादेवी वर्मा

(viii) 'तारसप्तक' का क्या अर्थ है ?

(अ) सरगम को निम्न स्वर में गाना (ब) सरगम को सम स्वर गाना

(स) सरगम को ऊँचे स्वर गाना (द) सरगम को मध्यम स्वर में गाना

(ix) हालदार साहब के मन में कैप्टन के प्रति सम्मान क्यों था ?

(अ) उसकी गरीबी के कारण (ब) उसकी देशभक्ति के कारण (स) उसकी विकलांगता के कारण (द) चश्में बेचने के कारण

(x) 'एक कहानी यह भी' आत्मकथा किसकी है ?

(अ) महादेवी वर्मा (ब) सुमित्रानंदन पंत (स) उषा प्रियवंदा (द) मन्नू भंडारी

(xi) शहनाई वादन में बिस्मिल्ला खाँ के उस्ताद (गुरु) कौन थे ?

(अ) अलीबख्श खाँ (ब) सादिक हुसैन (स) अमीरुद्दीन (द) पैगंबर बख्श

(xii) संस्कृत व्यक्ति के कार्यो के पीछे कौनसी भावना रहती है ?

(अ) स्वार्थ की भावना (ब) साहस की भावना (स) जनकल्याण की भावना (द) वीरता की भावना

(xiii) बचपन में भोलानाथ अपने पिताजी के साथ कौनसा खेल खेलता था ?

(अ) हॉकी (ब) फुटबॉल (स) क्रिकेट (द) कुश्ती

(xiv) 'मै क्यों लिखता हूँ' पाठ के रचनाकार है –

(अ) शिवपूजन सहाय (ब) अज्ञेय (स) मधु कांकरिया (द) भदंत आनंद कौसल्यायन

(xv) गंतोक में सफेद पताकाएँ किस अवसर पर फहराई जाती है ?

(अ) शांति के अवसर पर (ब) युद्ध के अवसर पर (स) किसी की मृत्यु के अवसर पर (द) किसी उत्सव के अवसर पर

**2. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–** **1×4=4**

(i) जो सर्वनाम निकटस्थ अथवा दूरस्थ व्यक्ति या वस्तु की ओर निश्चित संकेत करते हैं उन्हें ............ सर्वनाम कहते है।

(ii) '<u>ईमानदार</u> व्यक्ति का सम्मान होता है' – रेखांकित पद में ............... विशेषण है।

(iii) हिन्दी भाषा में मुख्यतः ................ प्रकार के उपसर्ग प्रचलित है।

(iv) 'ऐतिहासिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय ................ है।

**3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर – पुस्तिका में लिखिए।** **1x6=6**

भारत वर्ष पर प्रकृति की विशेष कृपा रही है। यहाँ सभी ऋतुएँ अपने समय पर आती है और पर्याप्त काल तक ठहरती है। ऋतुएँ अपने अनुकूल फल – फूलों का सृजन करती है। धूप और वर्षा के समान अधिकार के कारण यह भूमि शस्यश्यामला हो जाती है। यहाँ का नगाधिराज हिमालय कवियों को सदा से प्रेरणा देता आ रहा है और यहाँ की नदियाँ मोक्षदायिनी समझी जाती रही है। यहाँ कृत्रिम धूप और रोशनी की आवश्यकता नहीं पड़ती। भारतीय मनीषी जंगल में रहना पसंद करते थे। प्रकृति – प्रेम के कारण यहाँ के लोग पत्तों में खाना पसंद करते है। वृक्षों में पानी देना एक धार्मिक कार्य समझते है। सूर्य और चन्द्र दर्शन नित्य और नैमित्तिक कार्यो में शुभ माना जाता है।

पारिवारिकता पर हमारी संस्कृति में विशेष बल दिया गया है। भारतीय संस्कृति में शोक की अपेक्षा आनंद को अधिक महत्त्व दिया गया है। इसलिए हमारे यहाँ शोकान्त नाटकों का निषेध है। अतिथि को भी देवता माना गया है – 'अतिथि देवो भव'।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) भारत में नैमित्तक कार्यो में किसको शुभ माना जाता है ?

(iii) 'अतिथि देवो भवः' मूलतः कौनसे देश की संस्कृति मानी जाती है ?

(iv) भारतवर्ष पर प्रकृति की विशेष कृपा किस रूप में रही है ?

(v) भारतीय मनीषी कहाँ रहना पसंद करते थे ?

(vi) 'नगाधिराज' किसे कहा गया है ?

**4. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर – पुस्तिका में लिखिए।** **1x6=6**

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुंकुम सारा।
लघु सुरधनु से पंख पसारे, शीतल मलय समीर सहारे।
उड़ते खग जिस ओर मुँह किये, समझ नीड़ निज प्यारा।
<u>बरसाती आँखों के बादल, बने जहाँ भरे करुणा जल।</u>
लहरें टकराती अनंत की, पाकर जहाँ किनारा।
हेम – कुंभ ले उषा सवेरे, भरती ढुलकाती सुख मेरे।
मदिर ऊँघते रहते–जब, जगकर रजनी भर तारा।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) कवि ने भारत देश की क्या विशेषता बताई है ?

(iii) 'हेमकुंभ' से क्या तात्पर्य है ?

(iv) अनंत की लहरें कहाँ टकराती है ?

(v) रेखांकित पंक्ति का आशय लिखिए।

(vi) जीवन रूपी हरियाली पर क्या छिटका हुआ है ?

## खण्ड – ब

**निम्नलिखित लघूत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए –**

5. ''भगत का निर्णय अटल था।'' तू जा नहीं तो मैं ही इस घर को छोड़कर चल दूँगा। बालगोबिन भगत ने ऐसा क्यों कहा ? 2

6. मजहब के प्रति समर्पित बिस्मिल्ला खाँ काशी से बाहर होने पर बाबा विश्वनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा कैसे व्यक्त करते थे ? 2

7. फसल को 'हाथों के स्पर्श की गरिमा' और 'महिमा' कहकर कवि क्या व्यक्त करना चाहता है ? 2

8. भाव स्पष्ट कीजिए – 2

   मिला कहाँ वह सुख जिसका मैं स्वप्न देखकर जाग गया।
   आलिंगन में आते – आते मुसक्या कर जो भाग गया।

9. ''आप ताज्जुब करेंगे, पर इन रास्तों को बनाने में लोगों ने मौत को झुठलाया है।'' इस कथन के आलोक में पहाड़ी – क्षेत्रों में सड़क – निर्माण में आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डालिए। 2

10. आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ? 2

11. 'ज्ञान –चक्षु खुलना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 2

## खण्ड – स

12. **निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –** 1×4=4

बार – बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर – गृहस्थी – जवानी – जिंदगी सब कुछ होम कर देने वालो पर हँसती है और अपने लिए बिकने के लिए मौके ढूँढ़ती है। दुखी हो गए। पन्द्रह दिन बाद फिर उसी कस्बे से गुजरे। कस्बे में घुसने से पहले ही ख्याल आया कि कस्बे की हृदयस्थली में सुभाष की प्रतिमा अवश्य ही प्रतिष्ठापित होगी, लेकिन सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा। ..........क्योंकि मास्टर बनाना भूल गया। .......... और कैप्टन मर गया। सोचा, आज वहाँ रुकेंगे नहीं, पान भी नहीं खाएँगे, मूर्ति की तरफ देखेंगे भी नहीं, सीधे निकल जाएेगे।

(i) हालदार साहब क्या सोचकर दुःखी हो गए ?

(ii) 'होम कर देना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(iii) 'सुभाष की आँखों पर चश्मा नहीं होगा' ऐसा विचार हालदार साहब के मन में क्यों आया ?

(iv) 'कस्बे की हृदयस्थली' किसे कहा गया है ?

**अथवा**

भौतिक प्रेरणा, ज्ञानेप्सा – क्या ये दो ही मानव संस्कृति के माता – पिता है ? दूसरे के मुँह में कौर डालने के लिए जो अपने मुँह का कौर छोड़ देता है उसकों यह बात क्यों और कैसे सूझती है ? रोगी बच्चे को सारी रात गोद में लिए जो माता बैठी रहती है, वह ऐसा क्यों करती है ? सुनते है कि रूस का भाग्यविधाता लेनिन अपनी डेस्क में रखें हुए डबल रोटी के सूखे टुकड़े स्वयं न खाकर दूसरों को खिला दिया करता था। वह आखिर ऐसा क्यों करता था ? संसार के मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न देखते हुए कार्ल मार्क्स ने अपना सारा जीवन दुःख में बिता दिया और इन सबसे बढ़कर आज से नहीं ढाई हजार वर्ष पूर्व सिद्धार्थ ने अपना घर इसलिए त्याग दिया कि किसी तरह घृणा के वशीभूत लड़ती – कटती मानवता सुख से रह सकें।

(i) सिद्धार्थ ने गृह – त्याग क्यों किया था ?

(ii) संसार के मजदूरों को सुखी देखने का स्वप्न किस महापुरुष ने देखा था ?

(iii) रोगी बच्चे को सारी रात गोद में लिए जो माता बैठी रहती है, वह ऐसा क्यों करती है ?

(iv) इस गद्यांश में संस्कृति के कौनसे रूप का उल्लेख किया गया है ?

13. **निम्नलिखित पठित पंद्याश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **1×4=4**

बादल, गरजो!
घेर-घेर घोर गगन, धाराधर ओ !
ललित – ललित काले घुँघराले
बाल कल्पना के से पाले।
विद्युत-छवि उर में, कवि, नवजीवन वाले
वज्र छिपा, नूतन कविता
फिर भर दो – बादल गरजो।

(i) कवि ने बादल का मानवीकरण किस रूप में किया है ?

(ii) कवि बादल से क्या आह्‌वान करता है ?

(iii) बादल की तुलना कवि के रूप में क्यों की गई है ?

(iv) बादल किसका प्रतीक है और क्यों ?

**अथवा**

मुख्य गायक के चट्टान जैसे भारी स्वर का साथ देती।
वह आवाज सुंदर कमजोर काँपती हुई थी
वह मुख्य गायक का छोटा भाई है
या उसका शिष्य
या पैदल चलकर सीखने आने वाला दूर का कोई रिश्तेदार
मुख्य गायक की गरज में
वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से

(i) मुख्य गायक के स्वर की प्रमुख विशेषता लिखिए।

(ii) संगतकार का मुख्य गायक के साथ क्या सम्बन्ध हो सकता है ?

(iii) प्राचीन काल से ही संगतकार का क्या कार्य रहा है ?

(iv) संगतकार का स्वर कैसा होता है ?

14. ''यशपाल ने पतनशील सामंती वर्ग पर कटाक्ष किया है।'' इस कथन को 'लखनवी अंदाज' कहानी के आधार पर उदाहरण सहित समझाइए ? 3

**अथवा**

बिस्मिल्ला खाँ के जीवन से जुड़ी उन घटनाओं और व्यक्तियों का उल्लेख करें जिन्होंने उनकी संगीत – साधना को समृद्ध किया ?

15. कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है ? 3

**अथवा**

बच्चे की दंतुरित मुसकान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

16. तुलसीदास का जीवन एवं कृतित्त्व परिचय लिखिए। 3

**अथवा**

मन्नू भंडारी का जीवन एवं कृतित्त्व परिचय लिखिए।

## खण्ड–द

17. ''बच्चे बचपन में निर्दोष, निर्भय और मस्त होते हैं, उन्हें परिणाम की चिंता नहीं होती है।'' 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर इस कथन को स्पष्ट कीजिए ? 4

**अथवा**

मैं क्यों लिखता हूँ? पाठ में लेखक ने विज्ञान के प्रति अपना क्या दृष्टिकोण प्रस्तुत किया है ?

18. **निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में निबंध लिखिए :–** 6

**(क) सोशल मीडिया का बढ़ता प्रयोग एवं उसका प्रभाव**

(i) प्रस्तावना
(ii) युवाओं पर सोशल मीडिया का प्रभाव
(iii) सोशल मीडिया के सकारात्मक प्रभाव
(iv) सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभाव
(v) उपसंहार

**(ख) जीवन में खेलों का महत्व**

(i) प्रस्तावना
(ii) खेलों के प्रकार
(iii) खेलों से स्वास्थ्य लाभ
(iv) खेल – भावना से सौहार्द
(v) उपसंहार

**(ग) राजस्थान में गहराता जल – संकट**

(i) प्रस्तावना
(ii) राजस्थान की भौगोलिक स्थिति
(iii) जल – संकट के कारण
(iv) जल – संरक्षण के उपाय
(v) उपसंहार

**(घ) राष्ट्रीय विकास में महिलाओं की भागीदारी**

(i) प्रस्तावना
(ii) भारत में महिलाओं की स्थिति
(iii) राष्ट्रीय विकास में महिला भागीदारी की आवश्यकता
(iv) कामकाजी महिलाओं की समस्याएँ व उनका समाधान
(v) उपसंहार

19. स्वयं को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, विजयनगर का विद्यार्थी अंकित कुमार मानकर प्रधानाचार्य महोदय को 'शैक्षणिक भ्रमण' हेतु एक प्रार्थना – पत्र लिखिए। 4

**अथवा**

स्वयं को शास्त्री नगर, जयपुर का निवासी रोहन मानते हुए छात्रावास में अध्ययनरत अपने छोटे भाई को जीवन में अनुशासन का महत्त्व समझाते हुए एक पत्र लिखिए।

20. ‘रक्तदान’ के महत्त्व का संदेश देने हेतु 25 – 50 शब्दों में एक विज्ञापन का प्रारूप तैयार कीजिए। 4

**अथवा**

आपके क्षेत्र में एक नया अंग्रेजी माध्यम स्कूल खुला है उसका एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।